भारत सरकार

रेल मंत्रालय

राज्य सभा

23.12.2022 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2071 का उत्तर

रेल सुरंग की मरम्मत

2071. श्रीमती फूलो देवी नेतमः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) बिलासपुर-पेंड्रा रेल मार्ग के बीच भंवर टोंक रेलवे स्टेशन के पास सुरंग की मरम्मत या नवीनीकरण की योजना का ब्यौरा क्या है; और

(ख) उक्त मरम्मत या नवीनीकरण कार्य के लिए कितना बजट आवंटन किया गया है और इसे कब तक शुरू किया जाएगा, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) और (ख): भंवर टोंक रेलवे स्टेशन के पास फिटिंग के नवीकरण के लिए सुरंग के मरम्मत और यातायात के सुरक्षित चालन के लिए डाउन लाइन सुरंग में लेटरल सर्पोट की व्यवस्था संबंधी कार्य को 1.42 करोड़ रु. की अनुमानित लागत पर स्वीकृत किया गया है।

वर्ष 2022-23 के लिए उक्त मरम्मत कार्य हेतु 0.50 करोड़ रु. का बजट आबंटन किया गया है। कार्य फरवरी, 2023 से शुरू होने की संभावना है।

******